सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 29 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में सेतु आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने श्री जोशी को उनके मनोनयन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्री जोशी ने बताया कि सेतु आयोग का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्थानीय पर्वतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ–साथ उत्तराखण्ड में मौजूद विविध संभावनाओं के साथ देश व विदेश के निवेशकों को जोड़कर स्थानीय जनमानस को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों का निर्धारण करना है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है और यहां के युवा, माताएं और बहनें प्राकृतिक रूप से प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से उत्तराखण्ड के आम जनमानस में केन्द्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता लाई जानी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि नई नीतियों के निर्धारण में रोजगार सृजन के साथ–साथ निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण एवं युवाओं, माताओं और बहनों के लिए विशेष स्थान रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम पूरे मनोयोग से समाज के सभी वर्गों के सशक्तीकरण का लक्ष्य बनाने के साथ–साथ क्रियान्वयन करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे।

..........0...........